पत्रांक–02 / यो0–5006 / 2016(पार्ट)–
बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
**निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार, पटना।**

प्रेषक,

राजीव रंजन,
सरकार के संयुक्त सचिव,
श्रम संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार**
**(लेखा एवं ह0)**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–01, दिनांक–

**विषयः–** **श्रम संसाधन विभाग, (नियोजन पक्ष) के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में "नियोजन भवन एवं संयुक्त श्रम भवनों के अनुरक्षण एवं मरम्मत" गैर योजना के प्रावधानित उपबंध के तहत नियोजन भवन के** Estimate for the work of S/R with addition and alteration to E.W & E.I for New Cabin 6th Floor (Block-A, B) Deptt in Niyojan Bhawan at Patna के कार्य हेतु **₹6,21,048.00 एवं** Estimate for the work of S/R with addition and alteration to E.W & E/I for New Chamber 4th Floor (A & B) in Niyojan Bhawan at Road, Patna के कार्य हेतु **₹14,53,811.00 अर्थात कुल ₹20,74,859.00 (बीस लाख चौहतर हजार आठ सौ उनसठ रूपये) मात्र की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेश– स्वीकृत।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में "नियोजन भवन एवं संयुक्त श्रम भवनों के अनुरक्षण एवं मरम्मत" गैर योजना के प्रावधानित उपबंध के तहत विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–1, पटना ने अपने पत्रांक–2319 दिनांक–18.08.2025 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन उपलब्ध कराने हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को पत्र उपलब्ध कराया है। स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत "नियोजन भवन एवं संयुक्त श्रम भवनों के अनुरक्षण एवं मरम्मत" गैर योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹600.00 लाख मात्र का बजट उपबंध प्रावधानित है। इसके अंतर्गत उक्त विषयांकित कार्यों का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है :–

| कमांक | कार्य का नाम | राशि |
|---|---|---|
| 1 | Estimate for the work of S/R with addition and alteration to E.W & E.I for New Cabin 6th Floor (Block-A, B) Deptt in Niyojan Bhawan at Patna. | ₹6,21,048.00 |
| 2 | Estimate for the work of S/R with addition and alteration to E.W & E/I for New Chamber 4th Floor (A & B) in Niyojan Bhawan at Road, Patna. | ₹14,53,811.00 |
| | Total Amount :- | ₹20,74,859.00 |

2. इस स्कीम अंतर्गत राशि का व्यय स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य, उपमुख्य शीर्ष–01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–053–रख–रखाव तथा मरम्मत, उप शीर्ष–0038– नियोजन भवन एवं संयुक्त श्रम भवनों के अनुरक्षण एवं मरम्मत, समूह शीर्ष स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय, माँग संख्या–03, विपत्र कोड–03.2059010530038 के विषय शीर्ष–"27 02– अनुरक्षण एवं मरम्मत" मद में वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपबंधित राशि ₹600.00 लाख मात्र में से विकलनीय होगा।

3. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे।

4. इस राशि की निकासी कोषागार, विकास भवन, पटना से की जाएगी।

5. राशि का व्यय बजट उपबंध के अंतर्गत सीमित रखा जायेगा।

6. इस कार्य हेतु महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

(९)

7. कार्य का मासिक, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन सचिव, भवन निर्माण विभाग के माध्यम से महालेखाकार, बिहार एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (नियोजन), बिहार, पटना को ससमय समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

8. उक्त में विभागीय सचिव का अनुमोदन संचिका सं0–02/यो0–5006/2016 (पार्ट) के पृ0–244/टि0 पर तथा आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति पृ0–243/टि0 पर प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
(राजीव रंजन)
सरकार के संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग

ज्ञापांक– 02/यो0–5006/2016(पार्ट)– पटना–01, दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता विद्युत, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग

ज्ञापांक– 02/यो0–5006/2016(पार्ट)– पटना–01, दिनांक–

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग बिहार, पटना के आप्त सचिव/विकास आयुक्त के सचिव/वित्त विभाग (बजट शाखा)/सचिव, श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव/निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के आप्त सचिव/उप निदेशक, योजना एवं विकास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग

ज्ञापांक– 02/यो0–5006/2016(पार्ट)–967 पटना–01, दिनांक–06/10/2025

प्रतिलिपिः–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल सं0–1, पटना/कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना/आई0टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

3.X.25

सरकार के संयुक्त सचिव
श्रम संसाधन विभाग